कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.10.2022

प्रेरणा कार्यक्रम के अंतर्गत् व्याख्यान एवं प्रावीण्यता सम्मान

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रेरणा कार्यक्रम के अंतर्गत वाणिज्य संकाय द्वारा ओजस्वी वक्ता, कॉमर्स गुरू डॉ. संतोष राय का प्रेरक उद्बोधन रखा गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा सम्मानित महाविद्यालय की पाँच छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं 5001 की पारितोषिक राशि वितरित की गई। इन छात्राओं ने स्नातक अंतिम परीक्षा में अपने–अपने संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त किये। आकांक्षा इंगले (वाणिज्य) लाइबानूर (विज्ञान) आशना आफरीन (कला), मानसी सिंह राजपूत (गृहविज्ञान) तथा प्रियल गोयल (प्रथम वर्ष सभी संकायों में सर्वोच्च) ने सम्मान प्राप्त किया।

अतिथि वक्ता डॉ. संतोष राय ने अपने प्रेरणास्पद व्यक्तव्य में कहा कि जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने को तत्पर रहें। लक्ष्यहीन होना, उत्साह, ऊर्जा और मनोबल को कम करता है। उन्होनें कहा साधनहीनता कभी भी लक्ष्य प्राप्ति में बाधक नहीं होती। आप प्रेरणा ग्रहण ऊँचाई को प्राप्त करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि हमारी छात्राओं में ऊर्जा की कमी नहीं है उन्हें प्रेरणास्पद व्यक्तित्व के उदाहरणों से सीख लेनी चाहिये। अपनी साथी छात्राओं में भी आगे बढ़ने की सोच पैदा करनी चाहिये। ऐसे प्रेरणास्पद व्याख्यान होने आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन करते हुये वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि हमेशा मनोबल बढ़ाने का करना चाहिये। महाभारत में कुरूक्षेत्र युद्ध में अर्जुन की जीत और कर्ण की हार भी मनोबल पर टिकी हुई थी। इस प्रेरणा समारोह में उपस्थित छात्राओं ने अतिथि वक्ता से प्रश्नों के माध्यम से शंका का समाधान किया।

अंत में आभार प्रदर्शन वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल जैन ने किया। इस अवसर पर डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. के.एल. राठी, श्रीमती किरण वर्मा, नूतन, डिम्पल सहित पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
प्रेरणा कार्यक्रम के अंतर्गत् व्याख्यान एवं प्रावीण्यता सम्मान